प्रकाशनार्थ

29 दिसम्बर , 2024 गोरखपुर

गुरू गोविंद सिंह जी के छोटे पुत्र बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह की अद्वितीय बहादुर और बलिदान की याद मे प्रतिवर्ष वीर बाल दिवस मनाया जाता है। आज गुरू श्री गोरक्षनाथ ब्लड बैंक में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

इन चारों साहिबजादों के शहीद के अवसर पर गुरू श्री गोरक्षनाथ रक्त कोष के प्रभारी डॉ. अवधेश अग्रवाल ने इन साहिबजादों के प्रति अपनी अश्रुपूर्ण श्रध्दा सुमन अर्पित किए और उन्होनें बताया कि एक युनिट ब्लड से तीन जिंदगी बर्चाइ जा सकती है उन्होनें शिविर में जागरूकता के लिए उपस्थित रक्तदाताओं से कहा की रक्तदान करने से स्वयं का शरीर स्वस्थ रहता है और कंइ गम्भीर बीमारीयों से छुटकारा मिलता है। ऐसे में समय-समय पर रक्तदान अवश्य ही करते रहना चाहिए ब्लड बैंक अधिकारी डॉ. ममता जयसवाल ने सभी रक्तदाताओं के प्रति अपनी कृ्मज्ञता व्यक्त किया तथा बताया कि ऐसे कार्यक्रम जनमानस में रक्तदान के प्रति जागरूकता एवं समाज में भ्रांतियों को दूर करने के लिए आयोजित किये जाते हैं। गुरू श्री गोरक्षनाथ चिकित्सालय के निदेशक कर्नल डॉ. हिमांशु दिक्षित जी ने रक्तदान के बारे में बताते हुए कहा कि रक्त का दान आपके लिए कुछ मिनट का मतलब है लेकिन किसी और के लिए यह जीवनकाल है, यर्दि इश्वर ने आपको योग्य बनाया है कि आप दूसरो की मदद् कर सकते है तो जरूर करें । क्योंकि वक्त का हर क्षण और रक्त का हर कण अमूल्य होता है।र्

इस रक्तदान को सफल बनाने में ब्लड बैंक अधिकारी, टेक्नीशियन एवं कर्मचारीयों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।